तापमान

अधिकतम 34.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 23 मार्च 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

11 मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन पर जनता...



12 जिले में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने विभिन्न गतिविधियां...



# जारी रहेगी परंपरा, होली के दिन से मिलेगा शहरवासियों को तीन बार पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर में गर्मी के दिनों में तीन बार पानी देने की चली आ रही परंपरा की शुरुआत आगामी होली के दिन से होने जा रही है। शहरवासियों को अब नलों से सुबह-शाम के अलावा दोपहर में भी पानी मिलेगा। यह व्यवस्था बीते तीन साल से चली आ रही है, जिसे पालिकाध्यक्ष राशि महिलांग ने कायम रखते हुए शहरवासियों को ग्रीष्मकाल में पेयजल संकट न होने देने की प्रतिबद्धता दोहराई है। उन्होंने बताया कि पीआईसी में यह निर्णय लिया गया है कि इस वर्ष भी शहर के नल कनेक्शनधारियों को ग्रीष्मकाल के दौरान तीन समय पानी दिया जाएगा। बता दें कि शहर में कुल 8114 नल कनेक्शनधारी हैं। इनमें घरेलू कनेक्शन 5348 और भागीरथी नल जल के 2766 नल कनेक्शन हैं। इन नल कनेक्शन पर शहर की आधी आबादी निर्भर है। शहर के 30 वार्डों में लगभग साढ़े 14 हजार से अधिक मकान हैं। जहां करीब 90 हजार आबादी निवासरत हैं। तीन समय पानी मिलने से ग्रीष्मकाल में लोगों को बड़ी राहत होगी। मालूम हो कि गर्मी बढ़ने पर पानी की खपत बढ़ जाती है। नगर पालिका जल विभाग प्रभारी सीताराम चेलक ने बताया कि शहर के 30 वार्डों में फिलहाल 84 लाख लीटर पानी की खपत हो रही है। गर्मी में यह खपत 110 लाख लीटर तक बढ़ सकती है। तीन समय नल से पानी 15 जून तक दिया जाता है।

## अभी 84 लाख लीटर की खपत, गर्मी में 110 लाख लीटर हो सकती है मांग

### इन स्रोतों से पानी सप्लाई

जानकारी के अनुसार शहर के 30 वार्डों मे महानदी जल आवर्धन योजना के तहत सात पानी टंकियां हैं जिसमें से चार टंकी जिनकी कुल जल भराव क्षमता 26 लाख लीटर और तीन टंकी जिसकी क्षमता साढ़े 13 लाख लीटर है। इसके अलावा शहर के विभिन्न स्थानों पर 93 सार्वजनिक बोर और 45 हैंडपंप हैं। जिससे शहरभर में जलापूर्ति की जाती है।



### जरूरत के हिसाब से ही करें पानी का उपयोग



महासमुंद नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने बताया कि महासमुंद प्रदेश की एकमात्र ऐसी नगर पालिका है जो भीषण गर्मी में शहरवासियों को सुविधा देते हुए तीन टाइम पानी देती है। 25 मार्च से सुबह-शाम 6 बजे और दोपहर 2 बजे जलापूर्ति की जाएगी। जलापूर्ति सही ढंग से हो इसके लिए मैं स्वयं और हमारी टीम मानिटरिंग करेंगी। शहरवासियों से अपील है कि जरूरत के हिसाब से ही पानी उपयोग करें।

छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2024
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि
24/03/2024
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

## खबर संक्षेप

### घर घुसकर महिला से मारपीट, जुर्म दर्ज



**महासमुंद।** सिघोंड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम घाटकछार में जबदस्ती घर मे घुसकर लाठी-डंडा एवं हथियार लेकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया है की प्रार्थी रूकनी भोई पति अरूण भोई (23) लेखापतर, डुमरपाली, थाना - सोहेला, बरगढ़ ओडिशा के साथ ग्राम घाटकछार स्थित मायके के घर में घुस कर अरूण भोई, उदय भोई एवं अन्य ने लाठी, डंडा एवं हथियार लेकर जबरदस्ती दरवाजा को लात मारकर अंदर घुसकर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। महिला की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 452, 294, 323, 506, 427, 34 अपराध कायम किया गया है।

### नतनिन से मिलने गई बुजुर्ग महिला से मारपीट

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने नतनीन से मिलने गई बुजुर्ग महिला से मारपीट करने पर केस दर्ज किया है। प्रार्थी अंगारू बाई सिदार पति ठाकुर राम (75) ग्राम बेनडारी ने पुलिस को बताया है कि वह अपने नतनीन से मिलने डंगनिया गई, जहां आरोपी नितेश सिदार पिता हेतराम द्वारा गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर जमीन में गिराकर घसीटते हुए जान से मारने की धमकी दिया गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर से आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत कायम कर जुर्म दर्ज किया है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से एक की मौत

**महासमुंद।** तेंदूकोना थाना अंतर्गत हुए एक्सीडेंट में ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि कुलिया बांधा के पास घोंच में ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 06 जीवाय 6371 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए देवसिंग ठाकुर पिता कपिल (45) निवासी बगारपाली की बाइक ठोकर मार दिया। घटना में देवसिंग को गंभीर चोटें आई, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक पप्पू उर्फ कामदेव साहू के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया गया है।


## चुनाव : ईसीआई ने पत्रकारों को दी पोस्टल बैलेट की सुविधा

# कवरेज में जुटे मीडिया कर्मियों को भी डाकमतपत्रों से मतदान की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अब मतदान दिवस के कवरेज में शामिल प्राधिकृत पत्रकारों को भी पोस्टल बैलेट (डाक मतपत्र) से वोट डालने की सुविधा मिलेगी। आयोग ने गत दिवस अधिसूचना जारी कर आयोग द्वारा प्राधिकृत पत्रकारों के कार्य को अत्यावश्यक सेवा श्रेणी में स्थान देकर यह सुविधा प्रदान की है।

डाक मतपत्र से मतदान करने की यह सुविधा उन पत्रकारों को मिलेगी, जिन्हें निर्वाचन कार्य के कवरेज के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकार पत्र जारी किया गया हो। चुनाव कार्य के कवरेज में संलग्न पत्रकार को अपना प्राधिकार पत्र लगाकर पोस्टल बैलेट से मतदान करने के लिए आवेदन करना होगा। तय प्रक्रिया का पालन करने एवं प्राधिकार पत्र संलग्न करने पर संबंधित निर्वाचन अधिकारी प्राधिकृत पत्रकार को पोस्टल बैलेट जारी कर उनसे मतदान कराएंगे।



**प्राधिकृत पत्रकारों को भारत निर्वाचन आयोग ने माना अत्यावश्यक सेवा श्रेणी में**

### प्राधिकार पत्रधारी पत्रकारों की सेवा अत्यावश्यक

उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रेलवे, बीएसएनएल, बिजली और स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन सेवा, डाक सेवा, आपदा प्रबंधन, दूरदर्शन, ऑल इंडिया रेडियो जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों के कर्मचारी सहित निर्वाचन कार्य में मतदान दिवस के कवरेज में संलग्न भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्राधिकार पत्रधारी पत्रकारों को अत्यावश्यक सेवा श्रेणी में अधिसूचित किया है। इसका आशय यह है कि सेवा में रत रहने की वजह से कोई भी मतदान करने से वंचित न रहे। आयोग की मंशा के अनुरूप अधिसूचित सेवाओं के व्यक्ति पोस्टल बैलेट से मतदान कर सकेंगे।

### प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को दी गई नियमों की जानकारी

लोकसभा निर्वाचन 2024 के संदर्भ में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के आदेशानुसार कलेक्ट्रेट में प्रिंटिंग प्रेस संचालकों की बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी ने बताया कि चुनाव प्रचार के लिए पोस्टर, बैनर, फ्लैक्सी, पांपलेट, स्टीकर आदि छापते समय लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 ए में निहित प्रावधानों तथा भारत निर्वाचन आयोग के इस संबंध में जारी किए गए निर्देशों का पालन करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि ऐसे प्रचार सामग्री की छपाई के लिए आदेश देने वाले व्यक्ति से परिशिष्ट-क में दो प्रतियों में घोषणा पत्र लेना होगा। जिसमें दो गवाहों के भी हस्ताक्षर होंगे। प्रचार सामग्री छापने के बाद उसकी एक प्रति, घोषणा पत्र की एक प्रति तथा परिशिष्ट-ख मुद्रक द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में तीन दिवस के अंदर जमा करना होगा। इसके अलावा प्रत्येक मुद्रित चुनाव प्रचार सामग्री में प्रकाशन और मुद्रक का नाम व पता तथा मुद्रित सामग्री की संख्या अवश्य होनी चाहिए।

### पांपलेट, पोस्टरों आदि के मुद्रण पर रोक के निर्देश

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने निर्वाचन संबंधी पांपलेट, पोस्टरों आदि का मुद्रण और प्रकाशन, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 ए के उपबंधों के तहत शासित किया है। उन्होंने जिले के सभी प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को निर्वाचन संबंधी पोस्टर, पांपलेट या अन्य निर्वाचन प्रचार सामग्रियों का मुद्रण व प्रकाशन भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का परिपालन करते हुए करने आदेशित किया है तथा आवश्यक जानकारी निर्धारित



प्रपत्र (अ तथा ब) में निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराने कहा है।

# गांजे के परिवहन में संलिप्त मप्र के दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले की बलौदा पुलिस ने गांजा के अवैध परिवहन के मामले में दो आरोपियों पर कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी के पास से 26 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों पर नारकोटिक एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस ने बताया कि चेकिंग के दौरान ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रही टीयूवी300 महिंद्रा कंपनी का सफेद कलर बिना नंबर प्लेट वाला कार को रोका गया। वाहन में दो व्यक्ति सवार थे। वाहन में सवार व्यक्ति ने अपना नाम अनिल यादव पिता रामबरन यादव (24) वार्ड नंबर 18 हनुमान मंदिर कोलगाम, जिला सतना (मप्र), और विनय पटेल पिता चंद्रपाल पटेल



(21) निवासी गटना अजगढ़ का निवासी होना बताया। पूछताछ करने पर ड्राइविंग सीट में बैठा व्यक्ति गोल-मोल जवाब देने लगा।

इसके बाद पुलिस ने वाहन की तलाशी ली। जिस पर पिछली सीट के नीचे बने चैंबर में 25 पैकेट खाखी रंग के टेप से टेपिंग किया हुआ मादक पदार्थ गांजा 26 किलो (कीमत 390000 रुपए) जब्त किया है। इसके अलावा आरोपियों के पास से बिना नंबर की वाहन कीमत 6 लाख, दो नग मोबाइल 1000 रुपए को जब्त किया गया है। मामले में आरोपियों पर थाना बलौदा में धारा 20 ख नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया।

### सट्टा-पट्टी लिखते एक शख्स को किया गया गिरफ्तार

**महासमुंद।** बागबाहरा थाना पुलिस ने रेलवे स्टेशन के पास पान ठेला से प्रशांत पटनायक पिता स्व. प्रफुल्ल (42) को सट्टा पट्टी लिखते हुए गिरफ्तार किया है जिसके पास से नगदी रकम 3580 रुपए एवं 1 नग मोबाइल कीमत 10 हजार रुपए 4 नग सट्टा पट्टी व डॉट पेन को जब्त कर धारा 6 (क) छ. ग. जुआ प्रतिषेध अधि. 2022 अपराध कायम किया गया है।

## होली पर ग्राहकों के इंतजार में नगाड़ा और पिचकारी व्यवसायी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

होली त्यौहार को अब केवल दो दिन शेष रह गए हैं। लेकिन, बाजार सूना है, और होली के बाजार ने अब तक रंग नही पकड़ा है। नगाड़े और पिचकारियों की दुकानों में अभी भीड़ नजर नही आ रही है जिसके चलते व्यापारी काफी चिंतित हैं। वहीं लोगों की मानें तो शनिवार के बाद से त्यौहारी खरीददारी अपना जोर दिखाएगी। नगर के बस स्टैंड से लेकर बाजार और मुख्यमार्ग, गली मोहल्लों सहित गांव गांव में चिल्हर और थोक व्यापारी रंग-गुलाल की बिक्री कर रहे है। इसके पहले के वर्षों में किसी भी पर्व की खरीदी के लिए आसपास के ग्रामों के लोग नगर की दुकानों में पहुचते थे। ग्रामीण क्षेत्रो में भी होली के लिए आवश्यक सामग्री गांव-गांव तक पहुच चुकी है जिसे ग्रामीण अपने ग्राम में ही आसानी से खरीद रहे है। यही कारण है कि नगर के विभिन्न क्षेत्रों में लगने वाली दुकानों में सन्नाटा पसरा हुआ है। बहरहाल पूर्व में होली, रक्षाबंधन एवं दिवाली के पर्व में मौसमी व्यापार कर अपनी साल भर की आजीविका आसानी से चला लेते थे परन्तु अब बढ़ती प्रतिस्पर्धा ने इस तरह के काम करने वालों को भी संकट में डाल दिया है।

# खाद्य पदार्थों के सैंपल संकलन और जांच की कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

त्यौहारी सीजन में अमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री को रोकने खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा आयुक्त खाद्य सुरक्षा के निर्देशानुसार एवं उमेश कुमार साहू अभिहीत अधिकारी सह अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महासमुंद के मार्गदर्शन में ज्योति भानु खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं शंखनाद भोई खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा अपने प्रभार क्षेत्र के अंतर्गत होली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए त्यौहारी सीजन में बहुतायत उपयोग होने वाले खाद्य पदार्थों जैसे मिठाइयां, खाद्य तेल, आटा, बेसन, मैदा आदि खाद्य पदार्थों के विगत 01 माह के भीतर 23 विधिक खाद्य नमूना संकलित कर जांच किया गया तथा राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, कालीबाड़ी, रायपुर भेजा गया है।

जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरान्त संबंधित खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं चलित खाद्य प्रयोगशाला की टीम द्वारा 74 खाद्य पदार्थों के सर्वेलेंस नमूना संकलित कर मौके पर प्रारंभिक जांच किया गया है। जिसमें से 06 खाद्य पदार्थ अवमानक पाए गए है, जिन्हें मौके पर विनष्ट करवाया गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं चलित प्रयोगशाला की टीम द्वारा अखाद्य रंगों के उपयोग नहीं करने तथा तले हुए खाद्य पदार्थों को अखबारी पेपर से नहीं परोसने के सख्त निर्देश दिए गए है तथा खाद्य तेल में तीन बार से अधिक नहीं तलने की हिदायत दी गई है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के द्वारा खाद्य पदार्थों मी मिलावट के रोकथाम के लिए त्यौहारी सीजन में बहुतायत उपयोग होने वाले खाद्य पदार्थों के चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा जांच किया जा रहा है। विधिक एवं सर्वेलेंस नमूना संकलित कर जांच के लिए खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर को प्रेषित किया जा रहा है।

विगत वर्ष होली के त्यौहारी सीजन में 06 मिठाइयों के विधिक नमूने संकलित किए गए थे। जिसमें 05 मानक एवं 01 अमानक पाया गया है। अमानक मिठाई के निर्माण/विक्रय करने वाले फर्म को अति. जिला दंडाधिकारी एवं न्याय निर्णयन अधिकारी जिला-महासमुंद द्वारा 10000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है तथा उक्त फर्म को सचेत किया गया है।

### महुआ संग्रहण के लिए जंगल नहीं जाने की अपील



**महासमुंद।** इन दिनों जंगल में सोना बिखर रहा है। महुआ बिनने जा रहे लोगों को हाथियों का भय भी सता रहा है। दंतैह हाथी के पिछले दिन सिरपुर क्षेत्र के कक्ष क्रमांक 12, 13 14 में लहंगर एवं गुडरुडीह बांसकुड़ा, बिरबिरा के बीच जंगल में विचरण करने की सूचना के बाद अब इसके फिंगेश्वर क्षेत्र में होने की सूचना मिल रही है। इस बीच वन विभाग ने ग्रामीणों से जंगल की ओर नहीं जाने की अपील की है। गौरतलब है कि हाथियों के राष्ट्रीय राजमार्ग 53को पार करने की संभावना व्यक्त करते हुए वन विभाग ने कोडार, कौवाझर, तुमगांव, बंजारी, लोहरडीह, सोरिद ग्रामीणों से सतर्क रहने कहा था। साथ ही कहा गया था कि ग्रामीण महुआ संग्रहण करने जंगल की ओर न जाएं। बता दें कि बीते दिनों रात में ग्राम फुसेराडीह में एक हाथी के द्वारा यहां के निवासी जगन्नाथ के घर की दीवार को तोड़ दिया था।

## कथा के छटें दिन राजेंद्र बाबू, मंत्री टंकराम वर्मा व विधायक संपत पहुंचे

# सुदामा और कृष्ण की मित्रता एक अविस्मरणीय कथा : पं. हिमांशु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के मिनी स्टेडियम में आयोजित भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में कथावाचक पं. हिमांशु कृष्ण भारद्वाज ने कथा श्रवण कराते हुए सुदामा और कृष्ण की मित्रता का वर्णन करते हुए कहा कि सुदामा और भगवान कृष्ण की मित्रता युगों युगों तक याद किया जाएगा। भगवान कृष्ण अपनी मित्रता को निभाने के लिए गरीब सुदामा को दौड़कर अपने महल में लाकर सिंहासन पर बैठाते हैं और चरणों को धोकर अपने महल को पवित्र करते हैं। प्रेमपूर्वक सुदामा की पत्नी द्वारा दिए हुए चावल में से दो मुट्ठी खाकर सुदामा को दो लोकों का वैभव प्रदान करते हैं। हमें अपने जीवन में सुदामा एवं भगवान कृष्ण की मित्रता का अनुसरण करना चाहिए। पं. हिमांशु कृष्ण भारद्वाज द्वारा मित्रता का अनेक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए श्रद्धालुओं का भाव विभोर कर दिया। उन्होंने कथा विश्राम में सुदामा चरित्र के माध्यम से कहा कि धर्म से वृत्तियोग से ज्ञान, ज्ञान से मोक्ष की प्राप्ति का राह दिखाया बिना धर्म के हमें मोक्ष की प्राप्ति नहीं होती।





इस अवसर पर अखिल भारतीय धर्म जागरुक सह प्रमुख राजेंद्र भाई श्रीवास्तव, प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा, बसना विधायक संपत अग्रवाल, प्रदेश की ख्यातिनाम कथावाचक यामिनी देवी साहू, पार्वती साहू, संदीप दीवान सहित श्रीमद भागवत कथा के संयोजक मुख्य यजमान योगेश्वर राजू सिन्हा, प्रिया सिन्हा, नंदू राम चुंपेश्वरी जगन्नाथ पाणिग्राही, पुष्पेंद्र उपाध्याय, नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, चंद्रहास चंद्राकर, प्रकाश चंद्राकर, गोपा मोती साहू, नरेंद्र दुबे, हरवंश सिंह नानू भाई, शंकर चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, सुधा साहू, ताराचंद मीना चांडक, शंभू गुप्ता रायपुर, मनीष शर्मा, मीना वर्मा, छाया चंद्राकर, तारा चंद्राकर, मुन्ना देवार, देवीचंद राठी, राधेश्याम सिन्हा, कुंजू, दानेश्वर सिन्हा, सुशील शर्मा, डॉ. मंजू शर्मा सहित सभी सह यजमान गण एवं आयोजन समिति की ओर से अनूप उपासे, आनंद गिरि, गुड्डा सिन्हा, राजश्री ठाकुर, अग्रज शर्मा, अनिता सिन्हा, ऋतु जायसवाल, शिव कुमारी, कल्पना सरोजनी, अमित हिशीकर, मीना गुप्ता, कृष्णा चंद्राकर, दक्षा जोशी, शशि सिन्हा, गुलाब सेन, कामिनी चंद्राकर, अर्चना अखिलेश राव, विमला गोंडाने, आचार्यगण पं. जवाहर त्रिवेदी, अर्पित त्रिपाठी, नवल किशोर दुबे उपस्थित थे। उक्त जानकारी आयोजन समिति की ओर से टेकराम सेन ने दी है।

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### मतदाता जागरुकता अभियान प्रारंभ

**महासमुंद।** राष्ट्रीय सेवा योजना जिला समन्वयक डॉ मालती तिवारी के निर्देशन में लोकसभा चुनाव के लिए जागरुकता अभियान प्रारंभ किया गया है। जिसके तहत लोगों को संदेश दिया जा रहा है कि देश के प्रत्येक नागरिक को अपने मतदान अधिकार का प्रयोग करना चाहिए और एक जिम्मेदार नागरिक होने का कर्तव्य भी निभाना चाहिए। गुड शेफर्ड स्कूल महासमुंद की अनिता वंजारी कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना, शाला के प्राचार्य एमएस राव के नेतृत्व में समस्त स्टाफ के साथ मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। लोगों को मतदान का महत्व भी बताया जा रहा है।

### बीएड द्वितीय की परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**महासमुंद।** बीएड द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा परिणाम घोषित की गई। जिसमें श्याम बालाजी महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रथम क्षमा साहू 85.75%, द्वितीय मोक्षदा गिरी गोस्वामी 84%, तृतीय कौशिल्या ध्रुव 83.25 रहे। जिस पर महाविद्यालय के संचालक हेमंत चंद्राकर, सचिव तारा चंद्राकर, प्राचार्या डॉ अंकिता चंद्राकर आदि ने हर्ष जताया है।

### पंचायतों के खाते में नहीं आई 15वें वित्त की राशि

**महासमुंद।** सरपंच संघ अध्यक्ष



वीरेंद्र चंद्राकर ने कहा कि ग्राम पंचायतों के खाते में 15 वें वित्तीय मद की राशि एवं मनरेगा मूलभूत की राशि जमा नहीं कराई गई। ग्राम पंचायत के सरपंचों को छोटे-छोटे कार्य जैसे नाली निर्माण, नाली मरम्मत, सफाई अभियान, पेयजल निरस्त के लिए तालाबों में पानी भराई कार्य कराया गया। संबंधितों को भुगतान नहीं हो पा रहा है। मनरेगा अंतर्गत चल रहे कार्यों का मजदूरी भुगतान समय पर नहीं होने के कारण मजदूरों द्वारा नाराजगी जाहिर किया जा रहा है। उन्होंने 105 ग्राम पंचायतों के खाते में 15वे वित्त की राशि एवं मूलभूत एवं मनरेगा अंतर्गत समय पर मजदूरी भुगतान कराने का आग्रह किया है। सरपंच एवं सचिवों का मानदेय नहीं मिलने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

---

**सम्मेलन:** चुनाव को लेकर भाजपा ने किया बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन

# मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन से जनता है आश्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली




लोकसभा चुनाव के तारीखों का ऐलान होते ही भारतीय जनता पार्टी पूरे एक्शन मोड में हैं। 26 अप्रैल को महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में मतदान होना है। चुनावी आगाज के लिए भारतीय जनता पार्टी ने महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा में वृहद कार्यकर्ता सम्मेलन करने का निर्णय लिया। इसी क्रम में 22 मार्च को सरायपाली विधानसभा के चारों मंडल के कार्यकर्ताओं का एक बड़ा सम्मेलन हुआ। जिसमें कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन को राज्य की जनता ने हाथों-हाथ लिया है और पूरे राज्य में अभूतपूर्व संतोष और खुशी का माहौल है। यह समर्थन नए भारत और विकसित भारत के लिए है। हमारे प्रधानमंत्री सपनों में नहीं, संकल्प में यकीन करते हैं। पिछले चुनाव के परिणाम से हतोत्साहित नहीं होकर बल्कि उत्साहित होकर कार्यकर्ता फिर से लोकसभा चुनाव की तैयारी में दिन-रात जुटे हैं।

सांसद चुन्नीलाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने मात्र 90 दिन की अल्पावधि में जनता के हित के लिए जो काम किया, जो योजनाएं बनाई और उन्हें सफलतापूर्वक लागू किया, वह 10 वर्ष के मोदी सरकार के कार्यकाल का एक छोटा-सा मॉडल है। रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी ने देश के लोगों के लिए पांच न्याय गारंटी दी हैं, यह महज चुनावी सब्जबाग दिखाना कहते है। कांग्रेस की देश में अपनी कोई साख नहीं बची हैं। अब वो देश की जनता को 5 न्याय की गारंटी दे रही हैं, ये महज चुनावी सब्जबाग दिखाने के अलावा कुछ भी नहीं है। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष सरला कोसरिया ने कहा कि जिस तरह से देश ने हाल ही में दो बार दिवाली मनाई, उसी तरह से हम दो बार होली भी मनाएंगे।

मंच में प्रमुख रूप से कैबिनेट मंत्री छग शासन टंकराम वर्मा, रूपकुमारी चौधरी, सांसद चुन्नीलाल साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया, जगन्नाथ पाणिग्राही, कार्यकारी भाजपा जिलाध्यक्ष संजय शर्मा, पूर्व विधायक त्रिलोचन पटेल, रामलाल चौहान, छत्तर सिंह नायक, संध्या परघनिया, देवकी दीवान, प्रदेश मंत्री कामता पटेल, राजेंद्र नायक, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र कुमार पटेल, जनपद अध्यक्ष कुमारी भास्कर, धनेश नायक, मंडल अध्यक्ष उपेंद्र चौधरी, संजय डडसेना, प्रदीप साहू, विद्या चौधरी, मंत्री प्रधान, रुपकुंवर पटेल आदि वरिष्ठ भाजपा नेता मंचासीन थे। सम्मेलन का मंच संचालन स्वर्ण सिंह सलूजा एवं कामता पटेल ने किया। इस दौरान प्रमुख रूप से विजय प्रधान, उद्धव नंद, आशीष सेन, प्रमोद सागर, गुंजन अग्रवाल, विक्रम यादव, किशन जायसवाल, सोहन पटेल, धर्मेंद्र चौधरी, प्रखर अग्रवाल, धर्मेंद्र ठाकुर, इकबाल खान, लोकनाथ बारी, किरण बेहरा, उत्तर निषाद, मीडिया प्रभारी विदित धनानिया, मुरलीधर नायक, सुरोतीलाल लकड़ा, मनबोध मिरी, नरेंद्र प्रधान, नीरज अग्रवाल, गजेंद्र ठाकुर, कन्हैया पटेल, बाबा सेन आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बड़ी संख्या में भाजपा प्रवेश

सम्मेलन के पूर्व अन्य पार्टी के कार्यकर्ता जो भाजपा प्रवेश के लिए स्थानीय गीता भवन में एकत्रित हुए, उसके पश्चात सैकड़ों कार्यकर्ता जुलूस की शक्ल में नई मंडी कार्यक्रम के दौरान नारेबाजी करते हुए स्थल पहुंचे। अतिथियों द्वारा सभी को कमल छाप का गमछा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस के पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉ हरिदास भारद्वाज, नीलेंद्र बहादुर सिंह, रोमी सलूजा, सुशीला गंगा राम पटेल, पत्रकार संदीप अग्रवाल, सुरेश गुप्ता, दीपक माखीजा, अविनाश सिंह, डॉ अदीप कुमार, पार्षद दुर्गा खीरचंद बारी, पूर्व पार्षद कृष्णा सलूजा, पूर्व कर्मचारी नपा ईश्वर यदु, सोसायटी अध्यक्ष तोषगांव मोहित रौतिया सहित राजेश मेहर, रसबो मेहर, दुखिश्यम पटेल, जयनंद गाहिर, आनंद साहू, चित्रसेन नायक, सोनसाय बरीह, परमेश्वर चौधरी सहित जनपद सदस्य, सरपंच, उपसरपंच, सचिव, पंच, ग्रामीण, सामाजिक कार्यकर्ता, पदाधिकारी हजारों की संख्या में आज भाजपा का दामन थामा। प्रदेश मंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा कामता पटेल एवं धनेश नायक के नेतृत्व में 500 कार्यकर्ता में 7 जनपद सदस्य, 8 सोसायटी अध्यक्ष, 10 सरपंच, 100 पंच सहित सामाजिक कार्यकर्ता सामाजिक कार्यकर्ता ने प्रवेश किया।

---



### कोमाखान स्वास्थ्य केंद्र में मनाया रंगोत्सव

**नर्रा।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोमाखान में रंगोत्सव 2024 का भव्य आयोजन किया गया। सर्वप्रथम स्वास्थ्य परिवार कोमाखान में नए आए राकेश वर्मा व यामिनी (सीएचओ) का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में तोषण लाल साहू उपस्थित रहें। कार्यक्रम का सफल संचालन अरुण शुक्ला, हरप्रीत सलूजा तथा आभार डिगेंद्र परमार ने किया। वीरेंद्र देवांगन के द्वारा मस्ती भरे चुटकुले व शेरो शायरी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को सुपरवाइजर नरेश साहू व सोनिका दास ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सलूजा, राजा चंद्राकर, पदमन साव, लखन व समस्त स्टॉफ का सहयोग रहा।



### आठवीं के छात्रों को दी गई विदाई

**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लोहारडीह में कक्षा आठवी में अध्ययनरत विद्यर्थियों के विदाई समारोह का आयोजन सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपसरपंच होरीलाल साहू, अध्यक्षता गौरी यादव एसएमसी अध्यक्ष ने की। इस मौके पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आठवी के विद्यार्थियों द्वारा शाला में व्यतीत किए गए पलों को साझा किया गया। तत्पश्चात संकुल समन्वयक गणेश टंडन, संस्था प्रमुख आरएस पटेल,शिक्षक डोमन साहू, तरुण कहार ने आशीर्वाद देते हुए अपने विचार रखें। कार्यक्रम में शिक्षक रोमन चंद्राकर, सोमेश्वर पटेल, कुलदीपसिंह एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अगली कड़ी में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को न्योता भोज में खीर पूड़ी, भजिया, केला आदि परोसा गया, जिसका प्रबंधन में संस्था के शिक्षकगण एवम विद्यालय एसएमसी का विशेष योगदान रहा। उक्त जानकारी संकुल समन्वयक गणेश टंडन ने दी है।

---

## भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन आज

**बागबाहरा।** भारतीय जनता पार्टी खल्लारी विधानसभा के तत्वाधान में 23 मार्च को कृषि उपज मंडी बागबाहरा में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन दोपहर 2 बजे होगा। आगामी लोकसभा चुनाव की रूपरेखा तैयार करने व कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन व उर्जा का संचार करने के लिए अरुण साहू उपमुख्यमंत्री, टंकराम वर्मा कैबिनेट मंत्री, अजय चंद्राकर क्लस्टर प्रभारी, चुन्नीलाल साहू महासमुंद लोकसभा सांसद, मोतीलाल साहू रायपुर ग्रामीण विधायक व लोकसभा प्रभारी, भावना वोहरा पंडरिया विधायक व लोकसभा सहप्रभारी, रूपकुमारी चौधरी प्रत्याशी महासमुंद लोकसभा, शंकर अग्रवाल लोकसभा संयोजक, संतोष उपाध्याय विधानसभा प्रभारी व लोकसभा सह- संयोजक, संजय शर्मा जिला अध्यक्ष, प्रीतम दीवान पूर्व विधायक, परेश बागबाहरा पूर्व विधायक, स्मिता हितेश चंद्राकर जनपद अध्यक्ष, अल्का नरेश चंद्राकर जिला पंचायत सदस्य, प्रेमशंकर पटेल विधानसभा संयोजक खल्लारी विशेष रूप से कार्यकर्ताओं के बीच उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के प्रभारी हितेश चंद्राकर व सहप्रभारी जिला उपाध्यक्ष मोनिका साहू होंगे।

## भाजपा सरकार की योजना को जन-जन तक पहुंचाने में जुट जाएं कार्यकर्ताः प्रफुल्ल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



महासमुंद विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी को लेकर महासमुंद विधानसभा समन्वय समिति की बैठक जिला भाजपा कार्यालय में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, विधानसभा प्रभारी प्रफुल्ल विश्वकर्मा, प्रदेश सदस्य इंद्रजीत सिंह गोल्डी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष राकेश चंद्राकर, विधानसभा संयोजक चंद्रहास चंद्राकर, सह संयोजक संदीप दीवान सहित वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारियों की उपस्थिति में हुई।

बैठक में उपस्थित विधानसभा समन्वय समिति के सदस्यों और कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए विधानसभा प्रभारी प्रफुल्ल विश्वकर्मा ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों की तारीख का एलान हो चुका है और हम सभी का लक्ष्य इस बार भी हर बूथ पर भाजपा की विजय का है। केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार की योजनाओ को लेकर हम सभी निरंतर बूथों में भाजपा के संगठनात्मक कार्यो के माध्यम से जुड़े हुए है।

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का 10 वर्षों का बेदाग कार्यकाल देश की जनता और भाजपा के कार्यकर्ताओं के विश्वास का आधार है कि भाजपा जो कहती है, वही करती है।

विधानसभा संयोजक चंद्रहास चंद्राकर ने 23 मार्च को सुबह 11 बजे से होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन के लिए आवश्यक दिशानिर्देश और मार्गदर्शन दिया। बैठक का संचालन विधानसभा सह संयोजक सन्दीप दीवान व आभार मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली द्वारा किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा पदाधिकारी एतराम साहू, प्रशांत श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्षगण श्याम साकरकर, पप्पू पटेल, पवन पटेल, महामंत्रीद्वय प्रकाश शर्मा, एम्आर विश्वनाथन, पार्षद गण महेंद्र जैन, देवीचंद राठी, मनीष शर्मा, संदीप घोष, प्रेम चंद्राकर, लालविजय सिंह देव, राहुल चंद्राकर, गोपाल वर्मा, रमेश साहू, सुधा साहू, मीणा वर्मा, शुभ्रा शर्मा, मोहन साहू, महेंद्र सिक्का, जीतेंद्र साहू, हिमांशु चंद्राकर, अमित साहू, आनंद गिरी, अभिषेक पांडेय, आकाश पांडेय, शम्मी सलूजा, रोमी गुरुदत्ता, सोमेश धावड़ा, कमलेश पटवा, ओम शुक्ला, खुशाल ठाकुर, अंकुर गौर सहित विधानसभा समन्वय समिति के सदस्य और भाजपा के प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

# बच्चों के कौशल विकास के लिए रचनात्मक लेखन कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान अंतर्गत विकासखंड स्तरीय शिक्षकों का क्षमता विकास एवं दिशा निर्देश के लिए कार्यशाला के तहत कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों के लेखन कौशल विकास के लिए रचनात्मक लेखन कराया गया। पश्चात बच्चों के लेखन कौशल की समीक्षा बैठक का शुभारंभ विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा व विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक जागेश्वर सिन्हा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर राज्य से प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर्स केआर सोनवनी, बलराम नेताम व रामनाथ यादव और सभी संकुलों से चयनित शिक्षक उपस्थित थे। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों से चर्चा के दौरान कहा कि जो बच्चे रचनात्मक लेखन का अभ्यास करते हैं, भाषा के साथ साथ गणित और विज्ञान जैसे विषयों में बेहतर होने की संभावना होती है। जब बच्चे रचनात्मक रूप से सोचने और



लिखने के लिए खुद को चुनौती देते हैं तो वे समस्या-समाधान में अच्छे, आत्मविश्वासी और अनुशासित हो जाते हैं, ये सभी जीवन के सभी क्षेत्रों में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल हैं।

बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा ने रचनात्मक लेखन के लाभ के बारे जानकारी देते हुए बताया कि रचनात्मक लेखन कौशल से बच्चों में कल्पनाशक्ति को बढ़ावा मिलता है, लेखन विचार-प्रक्रिया को विस्तृत करता है। समस्या, समाधान और विश्लेषण में सुधार करता है। साथ ही बच्चों को खुद शब्द चयन पर ध्यान देने और अपनी राय व्यक्त करने का आत्मविश्वास विकसित करता है। स्कूलों में बच्चों के कहानियों को पोर्टपोलियो में सुरक्षित रखने के लिए भी कहा गया। इसके अतिरिक्त सभी संकुलों में बुनियादी भाषा एवं संख्या ज्ञान आदि एफएलएन आधारित महत्वपूर्ण विषयों पर समीक्षा की गई। जिसमें सभी शिक्षकों ने रुचिपूर्वक मनोरंजक व खेल-खेल में गतिविधि द्वारा सीखने-सिखाने पर जोर दिया। सभी प्रतिभागी शिक्षकों द्वारा अपने संकुल के शिक्षकों द्वारा कराए जाने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई।



### बागबाहरा जनपद पंचायत में मनाई होली

**महासमुंद।** जनपद पंचायत बागबाहरा के कर्मचारियों ने एक दिन पूर्व हर्षोल्लास के साथ होली उत्सव मनाया। उक्त जानकारी मानिक लाल टंडन ने दी है।

---



### कोसरंगी शाला में न्योता भोजन का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला कोसरंगी के छात्रों एवं समिति सदस्यों को सरपंच उमा सुरेश साहू के तरफ से अपने ससुर स्व. भागवत राम साहू के पुण्यतिथि पर न्योता भोज कराया गया। इसमें दाल चावल, सब्जी के साथ मिष्ठान के रूप में खीर पूड़ी का वितरण किया गया। समस्त छात्रों को फल, सलाद एवं पापड़ भी परोसा गया। संकुल केंद्र खट्टी के समन्वयक अशोक साहू ने उपस्थित सदस्यों एवं ग्रामीण को संबोधित करते हुए कहा कि यह एक महती कार्यक्रम है। जिसमें सभी लोगों को जोड़ना चाहिए एवं अपने परिवार में आने वाले प्रत्येक खुशी के अवसर पर अपने ही शाला के बच्चों को विविध प्रकार के व्यंजनों को खिलाकर सभी बच्चों के साथ-साथ स्वयं भी अपने परिवार सहित आनंद की अनुभूति प्राप्त कर सकते हैं। इस आयोजन में लगभग 200 छात्र-छात्राओं सहित गांव के प्रमुख ठाकुर राम साहू, बहादुर लाल साहू, डगेश्वर ध्रुव, टुकेश्वर साहू, शिक्षाविद राजेंद्र गिरी गोस्वामी, सुरेश साहू, घनश्याम निषाद एवं सरपंच उमा साहू, कविता गोस्वामी, गौरी साहू, भूमिका विश्वकर्मा, सरस्वती निषाद आदि मौजूद रहे।

# केंवट समाज महिला संगठन के अध्यक्ष बनीं निरूपमा

**बसना।** केंवट समाज जिला महासमुंद के शाखा क्षेत्र तोरेसिंहा में महिला सशक्तिकरण के अन्तर्गत महिला संगठन का चयन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता कालिया प्रसाद सेठ पूर्व सभापति, विशिष्ट अतिथि के रूप में द्वारपाल पांडे संरक्षक, केशव सेठ विशेष रुप से उपस्थित रहे।

मां समलेश्वरी के पूजन अर्चन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। विशिष्ट अतिथि द्वारपाल पांडे ने महिला संगठन की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी गई तथा केशव सेठ ने आज तक के समाज के प्रगति, गतिविधियों और महिला सशक्तिकरण के महत्व से अवगत कराया। महिला संगठन का सर्वसहमति से चयन किया गया।



जिसमें निरुपमा पांडे अध्यक्ष, अनुसुइया सेठ उपाध्यक्ष, सुरुचि सेठ उपाध्यक्ष, सस्मिता पांडे सचिव, सुलोचना कालू कोषाध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य सुलोचना बाघ, पल्लवी बेरिया, बेदमति बढ़ई, विजया डनसना, बनिता डनसना, बेलमति सेठ, हेम सेठ शामिल है। कार्यक्रम में अंकुर सेठ उपसभापति तोरेसिंहा, सुखदेव महालिंग उपसभापति धानापाली तथा तोरेसिंहा शाखा क्षेत्र के सभी पदाधिकारी समेत महिलाएं उपस्थित रहे। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को संरक्षक द्वारपाल पांडे, अध्यक्ष केशव सेठ ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन तेजराम सेठ एवं आभार व्यक्त अंकुर सेठ ने किया।

### पुलिस ने अवैध शराब बिक्री करते चार लोगो को किया गिरिफ्तार

**महासमुंद।** जिले की पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई करते हुए चार लोगों को अवैध शराब की बिक्री करते पकड़ा है। पिथौरा पुलिस ने नंदकुमार यादव पिता भोलाराम (55) नयापारा कला के कब्जे से 3000 एमएल महुआ शराब कीमती 600 रुपए एवं बिक्री रकम 200 रुपए, सरायपाली पुलिस ने भोजराम कुंवर पिता जगन्नाथ (28) को कृष्णा पैलेस के सामने भंवरपुर रोड से 3600 एमएल अंग्रेजी गोवा शराब कीमती 2400 रुपए जब्त किया है। बसना पुलिस ने तालाब के पास अरेकेल से कन्हैया चौहान पिता बेगा (50) के पास से 3600 एमएल देशी प्लेन शराब कीमती 2280 रुपए के साथ और कोमाखान पुलिस ने 4000 एमएल जेब्रा छाप महुआ शराब कीमती 1000 रुपए एवं बिक्री रकम 50 रुपए प्रमोद बघेल पिता अनूप (28) कुलिया बांधा बेलटुकरी, नुवापाड़ा ओडिशा के पास से जब्त किया है। है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## गुम बच्चे की वजह से माता-पिता का विवाद सुलझा, मुस्कुराते हुए घर लौटे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पति-पत्नी के बीच विवाद होना आम बात है, लेकिन मामले में किसी दूसरे पक्ष को हस्तक्षेप करना पड़े, तो स्थिति विकट हो जाती है। गुरुवार को ऐसी विकट स्थिति को सुलझाने में दंपति के बच्चे का अहम रोल रहा।

परिवार परामर्श केंद्र में आपसी विवाद सुलझाने पहुंचे दंपति का बच्चा गुम गया। बच्चा गुमने की घटना से पति-पत्नी दोनों परेशान हो गए। इसके बाद दंपति आपसी विवाद भूलकर पुलिस के पास मदद मांगने पहुंचे। पुलिस ने भी फुर्ती दिखाते हुए गुम बच्चे को दंपति के सुपुर्द किया।

दरअसल पूरा मामला इस प्रकार से है, उरला निवासी दंपति अपने पारिवारिक कारणों की वजह से अपनी पत्नी के साथ परिवार परामर्श केंद में काउंसिलिंग के लिए पहुंचा था, तभी उनका तीन साल का बेटा खेलते हुए अचानक गुम हो गया। परिजन एक घंटे तक आस-पास बच्चे को ढूंढते रहे, लेकिन बच्चा कहीं नहीं मिला। इसके बाद बच्चे का पिता पुलिस के पास मदद मांगने पहुंचा।

खबर संक्षेप



## झिटकी में कामधेनु रुद्र महायज्ञ हुआ

**नर्रा।** ग्राम झिटकी में लक्ष्मीनारायण कामधेनु रुद्र महायज्ञ का आयोजन 14 से 17 मार्च तक शीतला मंदिर परिसर में किया गया। यज्ञ आचार्य पं हितेश प्रसाद दुबे, पं सुरेंद्र दुबे, उमाशंकर मिश्र एवं रामबाबू गौ सेवक, पं. पुष्कर शर्मा इत्यादि द्वारा विधि विधान से वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ ब्रह्मांड नायक लक्ष्मीनारायण कामधेनु रुद्र माह यज्ञ का पूर्ण आहूति दी गई। मुख्य जजमान के भूमिका में ठाकुरसिंह दीवान एवं जैयनी बाई दीवान उपस्थित रहे। प्रथम दिवस कलश यात्रा एवं गौरी पूजन के पश्चात ज्योति प्रज्वलन की गई। प्रतिदिन हवन पूजन के बाद प्रसादी वितरण, रामायण व प्रवचन के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ। इस पुनीत महायज्ञ हवन कुंड में ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## शहीद दिवस पर कार्यक्रम आज

**महासमुंद।** पूर्व सैनिक संगठन द्वारा ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में 23 मार्च को शाम 6 बजे शहीद दिवस मनाया जाएगा। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव देश के सच्चे सपूत थे। उन्होंने देश के लिए अपना बलिदान दे दिया। हर साल 23 मार्च को शहीद दिवस के रूप से मनाया जाता है।

## रामकुमार ध्रुव नोडल अधिकारी नियुक्त

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए निर्वाचन ड्यूटी में तैनात मतदाताओं को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान के संबंध में जारी एसओपी की कंडिका 2.6 के अनुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान दिवस को उपयोग में आने वाले वाहनों के वाहन चालक, कंडक्टर एवं हेल्पर को प्रारूप-12 वितरित करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने जिला परिवहन अधिकारी यातायात रामकुमार ध्रुव को नोडल अधिकारी अधिकृत किया है।

### स्वीप अभियान : जिले के 45 हजार नए मतदाताओं को जोड़ने का लक्ष्य

# जिले में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

■ स्वीप गतिविधियों को लेकर बनाई गई व्यापक कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने व्यापक कार्ययोजना के लिए महत्त्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू एवं संबंधित विभागों के अधिकारी ने बैठक में विस्तृत कार्ययोजना पर विमर्श करते हुए क्रियान्वयन की रूपरेखा तैयार की।

बैठक में विभिन्न चिन्हांकित संस्थानों में आनंद मेला के तर्ज पर चनई मड़ई का आयोजन किया जाएगा। जिले के विभिन्न विकासखंडों में युवा सम्मेलन और युवा संसद का आयोजन, रात्रिकालीन मतदाता जागरुकता क्रिकेट प्रतियोगिता का



आयोजन जिसमें धनराशि पुरस्कार भी दिया जाएगा। विकासखंडों में नए युवा वोटरों को जोड़ने मतदाता जागरुकता युवा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन, अंतर विद्यालयीन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन जहां वोटिंग प्रतिशत कम है, वहां प्रमुख रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए। दिव्यांग सम्मेलन, पीवीटीजी मतदाताओं को 100 प्रतिशत मतदान कराने, विशेष समूह तृतीय समुदाय जो कि बागबाहरा में करीब 20 परिवार को जागरूक करने का लक्ष्य, शैक्षणिक संस्थानों एवं कार्यालयीन परिसरों, गैर राजनीतिक संघों में 100 प्रतिशत मतदान करने शपथ, उद्योग एवं मिलों में कर्मचारियों को जागरूक करने का लक्ष्य, सोशल मीडिया में रील के माध्यम से प्रचार प्रसार, 85 साल के ऊपर वोटरों को होम वोटिंग का विकल्प दिया जाएगा। साथ ही 10 पिंक बूथ, 5 यूथ बूथ, 5 दिव्यांग बूथ बनाए जाएंगे। व्हील चेयर की पर्याप्त मात्रा हर बूथ में उपलब्धता सुनिश्चित करना, सेल्फी जोन, वृद्धों के बूथ तक पहुंचने आदर्श सीढ़ीयों का निर्माण, स्वयं सहायता समूहों को साधने का लक्ष्य, व्हील चेयर क्रिकेट प्रतियोगिता का भी आयोजन, जिला व ब्लाक के शैक्षणिक संस्थानों में चिन्हांकित आईकॉनों से मतदान के प्रति जागरूक करने का लक्ष्य, शहरी स्वच्छता मिशन केन गाड़ियों में प्रचार प्रसार करने के लिए विभिन्न ब्लॉक में पर्याप्त बैनर पोस्टर लगाने का लक्ष्य, नरेगा श्रमिकों को प्रेरित करने कार्य स्थल पर स्वीप गतिविधियों को लेकर प्रचार प्रसार, एक मतदान दीप के नाम का भी आयोजन, पानी टंकियों में चित्रकारी के माध्यम से प्रचार प्रसार सुनिचित, हॉस्टलों में बच्चों को अपने परिजनों को पोस्टल कार्ड के माध्यम से मतदान अपील करने का निर्णय लिया गया। बैठक में रेखराज शर्मा, महाविद्यालय के नोडल अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनपद स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे।

## चुनाव संबंधी गतिविधियों में बाल श्रम नियोजित करने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी चुनाव संबंधी गतिविधियों में विभिन्न राजनैतिक दलों, प्रचार-प्रसार एजेंसियों एवं चुनाव कार्य में संलग्न विभिन्न विभागों के कर्मचारियों द्वारा बच्चों के माध्यम से किसी भी प्रकार के प्रचार-प्रसार कार्यो में नियोजन एवं बच्चों के परिजनों द्वारा उक्त कार्यो में किसी भी प्रकार की बच्चों से मदद लेने से प्रतिबंधित किया गया है। साथ ही बच्चों से स्कूल के समय में बाल कलाकार के रूप में किसी भी प्रकार के दृश्य, श्रव्य कार्यक्रमों द्वारा राजनैतिक प्रचार-प्रसार प्रतिबंधित किया गया है। 14 वर्ष से कम उम्र के किसी भी बालक-बालिका को नियोजित करना बाल व कुमार श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय अपराध है, जिसके अंतर्गत अधिनियम का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित को 50 हजार रुपए तक जुर्माना या 02 वर्ष तक के कारावास या दोनों से दंडित किए जाने का प्रावधान है। बाल श्रम नियोजित पाये जाने पर जनसाधारण इसकी सूचना संबंधित थाने, चाइल्ड लाइन, श्रम विभाग या पेंसिल पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

## मरार समाज ने मीडिया प्रभारी पटेल का किया सम्मान...



**नर्रा।** ग्राम परसुली के समाजिक भवन में कोसरिया मरार पटेल समाज नर्रा राज द्वारा गुरुवार को दैनिक अखबार हरिभूमि के संवाददाता एवं समाज के मीडिया प्रभारी ललित पटेल का सम्मान श्रीफल एवं राशि भेंटकर किया। इस दौरान समाज प्रमुख अध्यक्ष पुरुषोतम पटेल, सेतराम पटेल, दुकालुराम पटेल इत्यादि ने कहा कि समाजिक, राजनीतिक तथा समाज को सही दिशा देने में अहम भूमिका इस चौथे स्तंभ को उपेक्षित रखा है। नि:स्वार्थ भाव से समाज के लिए काम करने वाले समाज के लिए गौरव बताया। इस दौरान सम्मानित होने पर मीडिया प्रभारी ललित पटेल ने समाज के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों में पदुम लाल पटेल, नेतराम पटेल, माखनलाल पटेल, परमेश्वर पटेल, चंदन पटेल, लक्ष्मी नारायण पटेल, जगदीश पटेल, गणेश पटेल, रघुलाल रामेश्वर पटेल, नोहर कपूरचंद आदि उपस्थित रहे।

## एकलव्य विद्यालय 6वीं में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 18 अप्रैल

**महासमुंद।** राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति, नई दिल्ली द्वारा प्रवर्तित एवं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2024-25 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए 18 मार्च 2024 से पंजीयन प्रारंभ है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए नियमावली एवं प्रवेश नीति का अवलोकन तथा प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन वेबसाइट **http://eklavya.cg.nic.in** पर किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 18 अप्रैल 2024 है। फॉर्म में त्रुटि सुधार के लिए 19 से 26 अप्रैल 2024 तक का समय रहेगा तथा प्रवेश परीक्षा शनिवार 18 मई 2024 को निर्धारित की गई है।

## वृंदावन विद्यालय में आरटीई के छात्र-छात्राओं को गणवेश वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय वृंदावन विद्यालय में आरटीई के तहत अध्ययनरत कक्षा नर्सरी से कक्षा 8वीं तक के कुल 131 छात्र-छात्राओं को गणवेश वितरण किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व मालयार्पण कर संस्था की आरटीई प्रभारी शिक्षिका आशा ज्योति डोरा एवं उपप्राचार्या इंदु मिश्रा ने किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन द्वारा अभिभावक को आरटीई के नियमों व महत्व से अवगत कराया गया तथा अगामी वार्षिक परीक्षा हेतु तैयारी करने कहा गया। संचालिका सुजाता विश्वनाथन द्वारा विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए आरटीई को एक श्रेष्ठ माध्यम बताया गया।



इस सुअवसर पर वरिष्ठ शिक्षिका आशा ज्योति डोरा, उपप्राचार्या इंदुमिश्रा द्वारा छात्रों को आशीष वचन स्वरूप अनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अनुशासित, विनयशील, गुणों को आत्मसात करने प्रेरणस्पद सीख दिए। इस अवसर पर शाला की वरिष्ठ शिक्षिका विजय लक्ष्मी राव, अमृता चंद्राकर, काजल ठाकुर, लक्ष्मीनारायण एवं समस्त अभिभावकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में उर्मिला अग्निहोत्री, रेखा साहू, जागृति साहू, संध्या सोना, दमिनी वैष्णव, सुषमा साहू, वर्षा चंद्राकर, साधना राठौर, एम रजनी, ललिता सिंग राजपूत, भूमिका वर्मा, मोनिषा बावनकर, शुभ्रा अग्रवाल, सविता ढीढी, नंदिनी साहू, अंशु यादव, चंदना सोनी, नीरू मांझी एवं सुमन साहू का योगदान रहा।

## लोकसभा चुनाव से पहले ही कांग्रेस ने मानी हार: रमेश

**महासमुंद।** खाते फ्रीज करने के मामले में कांग्रेस के आरोपों पर भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व व्यापारी प्रतिनिधि रमेश साहू कहा कि चुनाव से पहले कांग्रेस ने हार मान ली है, इसलिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित सोनिया गांधी व राहुल गांधी मीडिया के सामने उल-जुलूल बयानबाजी कर रहे हैं। साहू ने तंज कसते हुए कहा कि आज विपक्ष की कमर टूट चुकी है और उसे उम्मीदवार तक नहीं मिल पा रहे हैं। देश के विभिन्न संसदीय क्षेत्र में उनके लोग चुनाव लड़ने से मना कर रहे हैं।



साहू ने कहा कि राहुल गांधी ने आज देश के सामने झूठ बोला है। राहुल ने कहा कि कांग्रेस का नहीं, देश का अकाउंट फ्रीज हुआ है। यह घोर आपत्तिजनक है। उन्होंने कहा कि जिस पार्टी ने हर क्षेत्र, हर राज्य और हर जगह केवल लूट की हो, उसके लिए वित्तीय लाचारी की बात करना हास्यास्पद है। जीप से लेकर हेलिकॉप्टर घोटाले तथा बोफोर्स तक सभी घोटालों से जमा हुए पैसे का इस्तेमाल कांग्रेस अपने चुनाव प्रचार में कर सकती है। रमेश ने कहा कि कांग्रेस को अहसास हो गया है कि जनता लोकसभा चुनावों में उनको पूरी तरह से खारिज कर देगी और ऐतिहासिक हार के डर से राहुल गांधी मीडिया के सामने बयानबाजी कर रहे हैं। यह भारतीय लोकतंत्र और संस्थानों के खिलाफ बयानबाजी है।

## भाईचारे के साथ होली मानने थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक, हुड़दंगियों पर रहेगी पुलिस की नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूकोना

रंगों का महापर्व होली को शांति पूर्ण मनाने के लिए गुरुवार शाम को स्थानीय थाना परिसर में थाना प्रभारी आरएस ठाकुर द्वारा शांति समिति की बैठक बुलाई गई। बैठक में शांति समिति के सदस्यों के अलावा पंचायत प्रतिनिधि, पत्रकार व ग्राम के वरिष्ठ नागरिक शामिल हुए।

थाना प्रभारी द्वारा आदर्श आचार संहिता की जानकारी देते हुए लोगों को सौहार्द्रपूर्ण तरीके से होली का त्यौहार मनाने की अपील की। उन्होंने आगे कहा की रंगों का त्यौहार होली भाई चारा स्थापित करने का त्यौहार है। अतः होली को हर कोई भाईचारे के साथ मनाए। संवेदनशील जगहों पर पुलिस की निगरानी रखी जाएगी। साथ ही गस्त दल नियुक्त किए जाएंगे, कोई भी अप्रिय



घटना की सूचना मिले तो तत्काल थाना को सूचना देने की बात कही। एएसआई सुशील शर्मा ने कहा कि होली शालीनता व सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनाए। उन्होंने आगे क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि होलिका दहन बिजली के तार के नीचे न करें, मुखौटे न लगाए, रंग उसी पर डाले जो रंग डालने का विरोध न करे, सूखी होली खेले, वार्निश, कोलतार, कीचड़, गोबर कालिख आदि से होली न खेले, शराब के नशे में वाहन न चलाए, नशे में अभद्र गालियां व अभद्र आचरण न करे, शराब पीकर हुल्लड़बाजी न करें, त्यौहार को शांति पूर्ण मनाने के साथ शांति व्यवस्था बनाए रखने की बात कही। इस दौरान संजय साहू, अनिल सोनी, डिगेश्वर दीवान, शीलेश साहू, अंकुश शर्मा, राज मानिकपुरी, नीलू साहू, रवि दीवान, हेम सिंह दीवान, भोला दीवान, गोविंद सेन, अशोक साहू, गुलशन साहू, मोनू दीवान, पप्पू साहू सहित अधिक संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान थाना प्रभारी आरएस ठाकुर ने कहा कि पुलिस की नजर खासकर शराबियों तथा अपराधिक तत्त्वों के लोगों के पर रहेगी। होली के दौरान कोई व्याधान उत्पन्न करता है तो उनके ऊपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में शालीनता से होली मनाने पूरे दिन पुलिस क्षेत्र में सर्चिंग करेगी, जगह जगह पुलिस बल तैनात की जाएगी, शराब पीकर हुल्लड़ करने वालों तथा किसी भी प्रकार के शिकायत मिलने पर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



## भाजपा की बैठक में सम्मेलन पर चर्चा

**महासमुंद।** गुरुवार को गंजपारा शक्ति केंद्र की बैठक वार्ड नं. 19 रमेश साहू के निवास में रखी गई। जिसमें शक्ति केंद्र प्रभारी प्रलय थिटे, निरंजना शर्मा, सुधा साहू, कौशल्या बंसल, प्रकाश शर्मा, देवेंद्र चंद्राकर, अर्चना राम ने संबोधित किया। संचालन रमेश साहू ने किया। आगामी लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं को जोर शोर के चुनावी समर में एकजुट होकर कार्य करने हेतु कहा गया। 23 मार्च को विधानसभा स्तरीय सम्मेलन में अपने शक्ति केंद्र से अधिक से अधिक लोगों को मिनी स्टेडियम कार्यक्रम स्थल में लाने की जवाबदारी दी गई। कार्यक्रम में प्रलय थिटे, रमेश साहू, निरंजना शर्मा, सुधा साहू, महेंद्र जैन, नवीन लूनिया, प्रकाश शर्मा, देवेंद्र चंद्राकर, अमन वर्मा, रविंद्र जैन, सुनयना चौहान, अर्चना राव, विमला गोंडाने, रुबी मिश्रा, सुहागा बाई, शिव राठौर, मधुसुदन सोनी, चंद्रिका प्रसाद, रमेशचंद राय, देवी राय, दीपक मालेवार, सुयश चोपड़ा, ध्रुव तंबोली, अभिषेक पांडे, द्वारिका साहू, महेश सोनी, विजय साहू, मनोज साहू, लीलाधर यादव, राजेश शर्मा, विक्की साहू, जितेंद्र साहू, विनायक साहू, सोनी साहू, भूपेंद्र देवांगन, पंकज यादव, राजू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# भाजपा का विस स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आज

### उपमुख्यमंत्री अरुण साव और मंत्री टंकराम वर्मा होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

लोकसभा चुनाव के लिए महासमुंद विधानसभा संयोजक चंद्रहास चंद्राकर, सहसंयोजक संदीप दीवान ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आगामी 23 मार्च शनिवार को सुबह 11 बजे से महासमुंद विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं का विशाल सम्मेलन का आयोजन मिनी स्टेडियम महासमुंद में होगा। विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की जानकारी देते हुए भाजपा पदाधिकारियों ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनावों की दृष्टि से महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के चारों मंडल महासमुंद शहर, ग्रामीण, तुमगांव सिरपुर और झलप पटेवा मंडल के भाजपा के पदाधिकारी, शक्ति केंद्र, बूथ समिति के सदस्य और कार्यकर्ताओं का यह सम्मेलन महत्वपूर्ण है। विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, राजस्व व खेल युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व मंत्री व कलस्टर प्रभारी





कुरूद विधायक अजय चंद्राकर, सांसद चुन्नीलाल साहू, विधायक एवं लोकसभा प्रभारी मोतीलाल साहू, सह प्रभारी विधायक भावना बोहरा, लोकसभा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, लोकसभा संयोजक शंकर अग्रवाल, पूर्व राज्यमन्त्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक विमल चोपड़ा, प्रदेश सदस्य इंद्रजीत सिंह गोल्डी, भाजपा प्रभारी जिलाध्यक्ष संजय शर्मा, विधानसभा प्रभारी प्रफुल्ल विश्वकर्मा, पिछड़ा वर्ग प्रदेशाध्यक्ष राकेश चंद्राकर, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर सहित भाजपा नेता पवन वर्मा, निरंजना शर्मा, धरम साहू, सुधा साहू का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

भाजपा के सम्मेलन में महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के सतनामी समाज के 300 महिला पुरुष सदस्य सहित सैकड़ों की संख्या में अन्य समाज के प्रतिनिधि भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे। महासमुंद विधानसभा संयोजक चंद्रहास चंद्राकर एवं सह संयोजक संदीप दीवान ने महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के चारों मंडलों में निवासरत भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों, मंडल कार्यसमिति, शक्ति केंद्र, बूथ समिति पदाधिकारी, सदस्यों, जनप्रतिनिधियों और सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी सहित सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं से इस सम्मेलन में उपस्थिति की अपील करते हुए इस विधानसभा स्तरीय समेलन को सफल बनाने का आह्वान किया है।

